WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 336 मेरठ, गुरुवार 24 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का.........




# उत्तर प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य चल रहाः मुख्यमंत्री

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने आज वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आनलाईन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में प्रदेश के 09 जनपदो में रू0 73.54 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे सामान्य सुविधा केन्द्र का शिलान्यास किया। उन्होने 31542 एमएसएमई यूनिट को रू0 2505.58 करोड का आनलाईन ऋण स्वीकृत किया। उन्होने विभिन्न रोजगारपरक योजनाओ के लाभार्थियो से वार्ता की व स्वीकृति पत्र दिये। उन्होने कहा कि उ0प्र0 को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने की दिषा में कार्य चल रहा है। उन्होने आनलाईन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। वहीं मेरठ एनआईसी में जनप्रतिनिधियो ने लाभार्थियो को चौक दिये। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद, मऊ, मिर्जापुर, गाजियाबाद, भदौही सहित 09 जनपदो में सामान्य सुविधा केन्द्र का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन




कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जैसी रोजगारपरक योजनाओ के लाभार्थी वाराणसी की मंदाकिनी, ललितपुर के आकाष जैन, प्रयागराज के स्वास्तिक गुप्ता, गोरखपुर के शमशुद्दीन मौहम्मद, मथुरा की कु0 अनुष्का, कानपुर देहात के ज्ञान सिंह कुषवाह से वार्ता की तथा उनको व उनके परिवार को बधाई दी। उन्होने कहा कि आप स्वयं आत्मनिर्भर बनकर दूसरो को भी आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में पांच लाभार्थियो को चौक भी दिये। मुख्यमंत्री ने आनलाईन पोर्टल.कपनचउेउम.नचीकब.हवअ.पद का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विभाग को धन्यवाद दिया कि उन्होने कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जैसे ही पब्लिक को ढील मिली है लोन मेला आयोजित करते हुये प्रदेश की 31 हजार से अधिक एमएसएमई यूनिट को आज रू0 2.5 हजार करोड से अधिक के ऋण वितरण के कार्यक्रम के साथ जोडा है। उन्होने बताया कि हम सब जानते है कि मार्च 2020 में कोरोना महामारी ने देष के अंदर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुये अपना कही न कहीं स्वरूप दिखाना प्रारंभ किया था और उसके उपरांत कोरोना से बचाव के लिए अनेक उपाय प्रारंभ हुए। समय से लिये गये निर्णयो के कारण प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया के अंदर किसी भी अन्य देश की तुलना में ज्यादा सुरक्षित स्थिति में रहा। उन्होने कहा कि दुनिया की बडी से बडी ताकते कोरोना महामारी के सामने पस्त हो गयी, लेकिन पूरा भारत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ मजबूती से लडाई लड़ा है और जब हम लोग पहली बार के दौरान लॉकडाउन में थे तब प्रधानमंत्री द्वारा हर तबके लिए अलग-अलग घोषणाएं की थी। उन्होने कहा कि कोरोना से जैसे ही राहत मिली वैसे ही मार्केट ने अपनी रफ्तार पकडनी शुरू कर दी। उन्होने कहा कि इस बीमारी से बहुत से लोगो ने अपने परिजनो को खोया है उनके प्रति हमारी संवेदना हैं। उन्होने कहा कि भारत ने 16 जनवरी से वैक्सीनेषन के कार्य को आगे बढा दिया था। उन्होने कहा कि दूसरी लहर के दौरान हमने देखा की बंदी के कार्यक्रम को हमारे व्यापारियों ने आगे बढाया इस कारण हमें लाकडाउन लगाने की आवष्यकता नहीं पडी। हमने सामान्य कोरोना कर्फ्यू लगाया। हमने लाकडाउन नहीं लगाया लगभग एक महीने तक कोरोना कर्फ्यू लगाया। लेकिन अभी भी हमें सावधानी बरतनी है जब तक कोरोना पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता है। उन्होने कहा कि वैक्सीन के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे, वैक्सीन एक सुरक्षा कवच है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 के अंदर एमएसएमई ने अच्छा कार्य किया है। प्रदेश ने पूरी मजबूती के साथ एमएसएमई यूनिट के माध्यम से उद्योग के माध्यम से 1.5 करोड से भी अधिक लोगो को रोजगार दिया। उन्होने कहा कि उ0प्र0 आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस अभियान के साथ निरंतर जुडकर आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर भी इस प्रकार के लोन मेलो के लिए कार्यक्रम हो, जनप्रतिनिधिगणो, प्रभारी मंत्रीगणो को इस कार्यक्रम के साथ जोडा जाये। उन्होने कहा कि 75 जनपद है तो कम से कम 75 लोन मेले अपने प्रदेश के अंदर आयोजित हो।

## चौधरी चरण सिंह विवि के छात्रों ने राशन विक्रेताओं की मनमानी को लेकर किया प्रदर्शन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विवि के छात्रों ने राशन विक्रेताओं की मनमानी को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। छात्र नेता विनीत चपराना ने ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जरूरतमंदों के लिए तीन माह तक मुफ्त राशन देने का ऐलान किया है। साथ ही राशनकार्ड न होने पर आधार कार्ड ले जाकर नजदीकी राशन दुकान पर रजिस्ट्रेशन कराकर व अपना नाम दर्ज कराकर, अगर वे पात्र पाए जाते है तो उन्हें योजना का लाभ देने का भी फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद मेरठ में कुछ कोटेदार मनमानी करते हुए इस फैसले की धज्जियां उड़ा रहे है। लोग आधार कार्ड लेकर जाते है तो उन्हें वहां से भगा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कोटेदार उन्हें ये कहकर भगा देते है कि आपके पास कार्ड नहीं है राशन नहीं मिलेगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा तीन माह तक मुफ्त राशन वितरण के दौरान राशन एजेंसियों का लगातार निरीक्षण किया जाए व उपभोक्ताओं से भी राशन वितरण का धरातल पर सत्यापन किया जाए। इस दौरान दर्जन भर छात्र उपस्थित रहे।

## दिन दहाडे चोरी, लाखों का जेवरात चोरी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा की पोर्श कालोनी डिफेंस एनक्लेव में आज दिन दहाड़े दोपहर लगभग 2 बजे चोरो ने कर्नल विनय पाल सिंह के घर सेंधमारी कर लाखो के जेवरात व पैसों की चोरी की मौके पर पहुंची पुलिस टीम जांच में जुट गई है घरेलू नोकर मोहन लाल के अनुसार वह कही गया था वापस आकर देखा तो घर के ताले टूटे पड़े है तो उसने 112 पर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने आकर घर मे देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था मकान मालिक जो कि पिछले 2 महीनों से गुजरात मे है उनसे संपर्क साधा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 29वे दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर सहारनपुर मुजफ्फरनगर से गाजीपुर बॉर्डर जाने वाली भारतीय किसान यूनियन की ट्रैक्टर रैली के स्वागत की तैयारीयो पर चर्चा हुई ये ट्रैक्टर रैली 24 जून 2021 की शाम को सिवाया टोल पर पहुँचेगी और 25 तारीख को गाजीपुर बश्वर्डर की ओर प्रस्थान करेगी । आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से सतीश इलमसिंह, महराज सिवाया, मोनू छुर्र, उज्जवल सरूरपुर, तेजपाल शादीपुर, सुशील कुमार पटेल, सुंदर जिटौली, विनोद जिटौली,पदम सिंह, अर्जुन जंगठी, गौरव इलमसिंह, आकाश सिरोही, आदि सहित तमाम साथियो की सहभागिता रही।

## विधायक सोमेन्द्र तोमर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर बुधवार को गढ़ रोड स्थित जयभीम नगर पहुँचे जहाँ उन्होंने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक सोमेंद्र तोमर ने वहां की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और टीकाकरण के लिए आए हुए नागरिकों से उनका हालचाल जाना साथ ही नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया। इस दौरान विधायक ने केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिनेश सिंह से वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई कमी न आने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्र पर उपस्थित कर्मियों से




विधायक सोमेंद्र तोमर ने बातचीत की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं उनकी समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु आश्वस्त किया व स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर सुविधाओं के लिए केन्द्र प्रभारी डॉक्टर दिनेश सिंह से सुझाव भी लिए। इस दौरान जागृति विहार मंडल अध्यक्ष राम कुमार चौबे, पार्षद अजय भारती, अनिल राज कौशिक, नरेन्द्र चौधरी, गौतम चन्द वाल्मीकि, ललित त्यागी आदि मौजूद रहे।



सैफी हिंदुस्तानी शामली ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का टीका।



**मेरठ दर्पण-दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान को उनके आवास 15 अशोका रोड दिल्ली जाकर जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलामंत्री मनिन्दर विहान भराला ने बताया कि सांसद जी स्वस्थ, दीर्घायु रहें आप ऊंचे शिखर तक जाए ये प्रार्थना के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## धूमधाम से मनाया गया मंत्री संजीव बालियान का जन्मदिन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** लावड़ नगर में आज क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान का जन्मदिन कार्यकर्ताओ द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया लावड़ नगर के मैन चौराहे पर सिथत अचल गुप्ता के प्रतिष्ठान पर समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा केक काटकर सांसद संजीव बालियान का जन्मदिन मनाया गया,सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर सांसद संजीव बालियान की लंबी उम्र की कामना की। कार्यक्रम में अनुज शर्मा,अचल गुप्ता,सौरभ कंसल,रामानंद विलटोरिया,बंटी, संजय गुप्ता,अनिल सैनी,राजू सैनी,चंदकान्त,सुभाष कश्यप,नवनीत,शिवा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदन दिवस पर किया पौधारोपण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सेवा सप्ताह के तहत किया पौधारोपण मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सेवा सप्ताह के तहत भारतीय उद्योग विकास व्यापार मंडल के अध्यक्ष व भाजपा नेता काजी शादाब के नेतृत्व में श्रद्धांजलि स्वरूप शास्त्री नगर के सेक्टर 11 स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर काजी शादाब ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सांस् तिक राष्ट्रवाद के शिल्पकार एवं भारत की संस् ति,सभ्यता,एकीकरण और विकास के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुधीर कुमार गुप्ता,रिंकू कुमार,शहजाद जैदी,अकील सैफी आदि मौजूद रहे।

# बलिदान दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**मेरठ दर्पण-बागपत।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुदेश चौहान के कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सूरजपाल सिंह गुर्जर व भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयकुमार ने डश्र मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि आजादी के बाद डश्र मुखर्जी राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा के लिए संघर्ष करते हुए जम्मू कश्मीर में बलिदान हो गए। आज उन्हीं के आदर्शो पर चलते हुए केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है, वह कश्मीर हमारा है, वह सारे का सारा है। यह उद्घोष नारा ही नहीं यह एक प्रतिज्ञा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धारा 370, 35 ए हटाकर जम्मू कश्मीर के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है, जिससे वहा भी पूरे देश की तरह विकास हो सके। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रामपाल नेहरा, जिला उपाध्यक्ष अनिल चौहान, जिला मंत्री सुधीर ठाकुर, जिला संयोजक युवा मोर्चा डश्र विनय त्यागी, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश मलिक आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा वैक्सीन कैम्प का आयोजन



**मेरठ दर्पण-बागपत।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अनुरोध पर इंडस्ट्रीज क्षेत्र में कोरोना वैक्सीन कैम्प का आयोजन साधु वृत्ति आश्रम दिल्ली रोड पर किया गया। जिसमे लक्ष्य के सक्षेप 125: वैक्सीन लगाई गई। उक्त कैम्प मे 200 का लक्ष्य था मगर 250 वैक्सीन लगाई गई। कैम्प के संयोजक व एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ योगेश जिन्दल ने बताया कि कैम्प मे मुस्लिम समाज ने भी उत्साह के साथ वैक्सीन लगवाई। उन्होने जानकारी कैम्प कल दिनांक 24-6-21 दिन बृहस्पतिवार को भी लगाया जायेगा। कैम्प के लिए जागरुकता फैलाने ओर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अध्यक्ष ललित कुमार जैन, सचिव अमित कुमार जैन, कोषाध्यक्ष संजय गोयल, वरिष्ठ सरंक्षक सुरेन्द्र मित्तल,अंकुर जिन्दल,अंकुर जैन,अरविन्द जैन, कृष्ण गोयल आदि का सहयोग रहा। वहीं प्रशासनिक टीम मे राहुल कुमार, संतराम गौतम, गीता गिरी, विपिन,पप्पू आदि का सहयोग दिया।

# किसानो व गरीबो और आम आदमी की साथी है कांग्रेस: यूनुस चौधरी



**मेरठदर्पण-चांदीनगर।** नगर पंचायत रटौल मे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे बोलते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष यूनुस चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही किसानो व गरीबो और आम आदमी की पार्टी है और कहा कि देश को तरक्की सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है और उन्होने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ देश का अन्नदाता सड़को पर है लेकिन सरकार किसानो की नही बल्कि पूंजीपतियो की सुन रही है और कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने देश की आजादी से लेकर आज तक जोड़ने व बनाने का काम किया है इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव प्रमोद गोस्वामी ने कांग्रेस पार्टी का हर वर्ग के घर का नारा देते हुए अपनी बात शुरू की और बताया आगामी चुनाव 2022 मे प्रियंका गांधी और वाड्रा जी के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश चुनाव मे बहुत बड़ी जीत दिलानी है और कहा कि हम जाति और धर्म पर चुनाव नही लड़ेंगे क्योकि हम जमीन से काम करने वाले लोग है इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेंद्र अवाना, चौधरी बाबू, सुनील त्यागी, श्याम दत्त शर्मा, हारून चौधरी, भगवती जी, चौधरी खान बहादुर आदि मौजूद थे।

# भारतीय किसान यूनियन द्वारा मवाना तहसील कमेटी का किया गया विस्तार




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** विस्तार क्रम में भाकियू जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी द्वारा बना मंसूरी से हरेंद्र चौधरी को मवाना ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया व बना मसूरी के विलियम सिंह को बना मसूरी का ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया । जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी व यूनियन के तमाम पदाधिकारीयो ने तहसील मवाना के तमाम गांवो पहुँच कर किसानो व यूनियन के कार्यकर्ताओ से 25 तारीख को ट्रैक्टर ट्राली के साथ सिवाया टोल प्लाजा से गाजीपुर बश्वर्डर पर पहुँचने के लिए आह्वान किया । आह्वान करने पहुँची भारतीय किसान यूनियन की टीम का सभी गांवो मे स्वागत हुआ और ट्रैक्टर रैली के लिए भारी समर्थन प्राप्त हुआ । भाकियू मेरठ के प्रेस प्रवक्ता बब्लू जिटौली ने भाकियू मेरठ के सभी नेताओ पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ को पुरे दल बल के साथ सिवाया टोल प्लाजा पर आमंत्रित किया । आज बना मसूरी मे मुख्य रूप से विनीत सांगवान, मिन्टू दौराला, सौशिन प्रधान, विलियम प्रधान भैसा, जितेन्द्र एहलावत, हरजीत सिंह, तनुज मास्टर, डाक्टर सुशील, छोटू प्रधान, बिजेंद्र सिंह धामा, सतपाल सिंह काकराण, सर्वेश, अजय दहिंया, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

दैनिकः- मेरठ दर्पण

मेरठ, गुरूवार 24 जून, 2021


## वर्षा जल संरक्षण एवं पुर्नभरण संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वर्षा जल संरक्षण एवं पुर्नभरण संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन आयुक्त कार्यालय मेरठ मंडल द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह आयुक्त मेरठ मंडल ने की। कॉन्फ्रेंस में मेरठ मंडल के मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त , अपर जिलाधिकारी, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग ,अधिशासी अभियंता समस्त विकास प्राधिकरण मेरठ मंडल तथा अन्य अधिकारियों सहित मेरा शहर मेरी पहल के सचिव विशाल जैन, कोषाध्यक्ष एस के शर्मा तथा विपुल सिंघल ने भाग लिया। प्रधानमंत्री की कैच द रेन मुहिम के तहत पानी की हर बून्द के संरक्षण के लिए विचार रखे गए।

## जूम एप के माध्यम से पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा ई चौपाल फॉर वाटर कंजर्वेशन आयोजित की गई

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** क्लब निदेशक आयुष और पीयूष गोयल ने बताया जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती कृषि उत्पादन आयुक्त 1उत्तर प्रदेश सरकार आलोक सिन्हा ने बताया कृषि के क्षेत्र में जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए हमेंवातावरण और जलवायु के अनुकूल पेड़ पौधे लगाने चाहिए जिससेस उनका उचित विकास हो सके। प्रकृति हमारी विरासत है प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए पदम श्री पदम भूषण पर्यावरणविद डॉ अनिल प्रकाश जोशी ने बताया यदि हमें पर्यावरण बचाना है तो वृक्षों का कटान बंद करना होगा सन 2000 के बाद हिमखंड लगातार पिंघल रहे हैं जिस कारण जल का दोहन हो रहा है विकास के नाम पर हमें प्रा तिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए जल जंगल जमीन सीमित मात्रा में है हमें उनका प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ डॉ अनिता मलिक ने बताया कि पानी की निकासी और पानी के उपयोग का ग्राफह



बहुत गति से बढ़ रहा है और जनसंख्या भी तीव्र गति से बढ़ रही है जिस वजह से जो जल संसाधन वर्ष 1950 के हिसाब से है, आज के परिपेक्ष में जल संसाधन का संकट बहुत अधिक दिखाई दे रहा है और आने वाले समय में यह अंतराल बढ़ता ही जाएगा इसलिए इस समस्या का समाधान जल प्रबंधन ही है विपुल सिंघल ने किसानों से रसायन रहित खेती करे कार्यक्रम के अंत में आलोक सिन्हा एव अनिल जोशी द्वारा आयुष पीयूष की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि सेरेब्रल पाल्सी नामक असाध्य रोग से ग्रसित होने के बावजूद भी समाज के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्य और लोगों के लिए प्रेरणादायक हैं एवं हमें उनसे सीख लेते हुए समाज को कुछ ना कुछ अपनी ओर से देने का प्रयास करना चाहिए। अरुण वशिष्ट,विशाल जैन, रामनाथ गौतम, आकाश मांगलिक, एसके शर्मा, नीरा तोमर ,लक्ष्मी शर्मा, कृष्ण ढाका, डॉ विनीत, करुणेश वर्मा, सुरेंद्र मोहन सिंह, अमित अग्रवाल, विभा नागर, अमित नागर, प्रिंस अग्रवाल वरुण मित्तल ,शोभित अग्रवाल नितिन बंसल,आदि उपस्थित रहे।

## सारथी सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षकल्पना पांडे को डॉ बी आर अंबेडकर राष्ट्रीय अवार्ड से किया गया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सारथी सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष कल्पना पांडे को डॉ. बी.आर अंबेडकर राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उनके द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो के लिए दिया गया। बुधवार को वर्चुअल अवार्ड कार्यक्रम हुआ और मोमेंटो व सर्टिफिकेट डाक द्वारा भेजा गया । डॉ बीआर अंबेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से खेलों के साथ-साथ विभिन्न समाज सेवा के क्षेत्र में उत ष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का गहन चिंतन के उपरांत राष्ट्रीय स्तर पर डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयन किया जाता है। फाउंडेशन द्वारा चयनित खिलाड़ियों को विश्व खेलों में भेजा जाता है अब तक फाउंडेशन की टीम पांच बार विश्व खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

## मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान हुआ शुरू, शहरवासी बन सकते हैं हिस्सा

**मेरठ दर्पण-मरेठ।** वन विभाग और एनवायरमेंट क्लब की ओर से एक संयुक्त अभियान श्मेरी गुठली मेरा पेड़श सर्किट हाउस मेरठ की पौधशाला से शुरू किया गया। क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया ने बताया कि मेरठवासी इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके लिए उन्हें गुठली वाले फलों को खाने के बाद उनकी गुठलियों को हमारी टीम के पास 23 जून से 30 जून 2021 तक सुबह 9 से 10 बजे के बीच सर्किट हाउस की पौधशाला में जमा कराना होगा, जिससे आगे चलकर हम पेड़ उगाएंगे। मास्क पहनकर आना अनिवार्य है और अपने आसपास के लोगों



को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आज क्लब को आम और जामुन की गुठलियां प्राप्त हुई। इस मौके पर उद्यान विभाग के निरीक्षक उमाशंकर वर्मा, क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, आयुष नंदा और शुभम मौजूद रहे।

## मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा फूलबाग मंडल के मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के किदवई नगर स्थित आवास पर भाजपा के मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। नासिर सैफी ने कहा कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थो मे मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद मे उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना लक्ष्य रखा था। और वह हमेशा कहते थे कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। नासिर सैफी ने कहा कि मोदी सरकार श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलते हुए उनके सपने को साकार कर रही है और सबका साथ सबका विकास कर रही है। इस मौके पर अब्दुल अजीज अंसारी , आसिफ सैफी , शादाब अलवी, दानिश सैफी , फरदीन फिरोज आदि उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दिल्ली रोड स्थित संजय वन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी की उपस्थिति में कोरोना संक्रमण के दौरान मृतक हुए व्यक्तियों के परिजनों द्वारा मेरे प्रिय जनों की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर न्यूट्रिमा अस्पताल के कर्मचारियों जिनके द्वारा कोविड-19 संक्रमण के दौरान पूर्ण निष्ठा एवं परिश्रम से कार्य किया गया है उनके द्वारा भी वृक्षारोपण किया गयास इस अवसर पर जिला अधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।



## भारतीय किसान यूनियन अंबावता ने दानिश राणा को जिला सचिव किया नियुक्त

**मुजफ्फरनगर (एमटी न्यूज)।** भारती किसान यूनियन अंबावता की एक मिटिंग गांव दधेडू में दानिश राणा जी के आवास पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में हुई मिटिंग में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने कहा की किसान आंदोलन को 6 माह से ज्यादा हो गए हैं और इस आंदोलन में किसानों की जीत बिल्कुल निश्चित है बस हम सबको मिलकर आंदोलन को मजबूत बनाए रखना है जैसे हम जिम्मेदारी से परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं ऐसे ही जिम्मेदारी से आंदोलन पर भी नजर रखनी है केंद्र सरकार जब तक तीनों कृषि काले बिल वापस नहीं लेगी आंदोलन जारी रहेगा मीटिंग में मौजूद



किसानों ने भाकियू अंमबावता की ईमानदारी वह जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम की कार्य शैली में अपनी आस्था जताई और भाकियू अंमबावता में दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की तो सभी सहमती से जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने दानिश राणा को जिला सचिव वह मौ अनस को मिमलाना ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया इस मौके पर। पुर्व जिला सचिव अजीम। पुर्व सदर ब्लाक महासचिव शहजाद। यूवा नगर महासचिव अखिल गोयल। राघवन भारती मास्टर जमशेद मौ नाजिम मौ सद्दाम मौ आमिर आदि मौजूद रहे।

# जनपद मुजफ्फरनगर के खतौली मे लव जिहाद का मामला सामने आने से मचा हड़कम्प



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली में लव जिहाद का मामला सामने आने से हड़कम्प मच गया और झांसी की युवती को हिन्दु संगठन से जुड़े लोगो ने मुक्त कराया। समुदाय विशेष के युवक द्वारा लव जिहाद के अंतर्गत बहला फुसलाकर भगायी गयी महिला का धर्म परिवर्तन कराकर अंजली से अंजुम खान बनाकर निकाह करने का खुलासा होने पर हरकत में आयी कोतवाली पुलिस ने महिला को कस्टडी में लेने के अलावा आरोपी युवक की मां व बड़े भाई को हिरासत में लिया है। समुदाय विशेष के युवक द्वारा लव जिहाद के अंतर्गत महिला का धर्म परिवर्तन कराये जाने से आक्रोशित भाजपा व हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगो ने थाने में हंगामा करके आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है जानकारी के अनुसार आरोपी युवक द्वारा महिला का धर्म परिवर्तन कराकर अंजली से अंजुम खान बनाने के बाद इसका मूल निवास बनवाये जाने का प्रयास करने के दौरान खतौली श्यामपुरी कश्वलोनी के वार्ड सभासद पति मोनू मंगवानी ने मामला संज्ञान में आने पर पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलवा लिया। बताया गया है कि समुदाय विशेष के युवक के कब्जे से बरामद महिला कस्बा हमीरपुर जनपद झांसी की रहने वाली है जिसको बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का मुकदमा हमीरपुर थाने में दर्ज है।

# नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा किया गया ढ़लाओ घरों का निरीक्षण लापरवाही बरतने पर दी गई चेतावनी



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष हमेशा की तरह क्षेत्र में कार्यो की समीक्षा के लिए लगी रहती है उसी क्रम में अंजू अग्रवाल के द्वारा जानसठ अड्डे से विश्वकर्मा चौक के बीच नई मंडी श्मशान घाट के पास कूड़ा घर ढलाव घर का निरीक्षण किया वहां पर जेसीबी मशीन के माध्यम से कूड़े का डंपर भरा जा रहा था संबंधित कर्मचारियों को पालिका अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि कूड़ा को ढक कर ले जाए जिससे सड़क पर गंदगी ना हो साथ ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन ठेकेदार का टिपर कूड़ा स्थल पर उतार रहा था जिसे अंजू अग्रवाल के द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में यहां पर मोहल्लों से निकले हुए कूड़े को डाला गया तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इसके पश्चात वह सीधा टिपर को लेकर ए टू जेड प्लांट पर निस्तारण हेतु गया तत्पश्चात दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए इसके लिए आप स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के साथ स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी एस के बिट्टू मौजूद रहे।

# वैदिक सनातन कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया गया राशन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में जहां समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से टीकाकरण का कार्य जारी है वहीं समाजसेवी संस्थाएं जरूरतमंदों का भी ख्याल रख रही हैं इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी सरदार बलजीत सिंह के माध्यम से वैदिक सनातन कल्याणकारी ट्रस्ट रजिस्टर्ड हरिद्वार उत्तराखंड द्वारा भोपा रोड पर झुगी झोपड़ी वाले लगभग 16 परिवारों को आटे के पैकेट एवं बच्चों के लिए जमेट्री बॉक्स उपलब्ध कराए गए जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अनिल ज्योतिषाचार्य एवं प्रवक्ता गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार सोनिया देवी एवं समस्त पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित होकर जरूरतमंदों की सेवा की गई विशेष रुप से सोनिया लूथरा आर्ट ऑफ लिविंग, संदीप दास एस एस दास ट्रस्ट उपस्थित रहे ! वैदिक सनातन कल्याणकारी ट्रस्ट रजि हरिद्वार की ओर से अध्यक्ष डा अनिल ज्योतिषाचार्य,कोषाध्यक्ष सोनिया देवी, डा ओमपाल प्रजापति,नरेंद्र प्रजापति, कवरपाल,आचार्य दीपक, नेमपाल,कैप्टन सेवाराम,मास्टर उमेश,आदि उपस्थित रहे। सरदार बलजीत सिंह एवं संदीप दास के द्वारा ट्रस्ट के पदाधिकारियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

# नवीन मंडी स्थल स्थित सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं ना लेने को लेकर किसानों ने किया हंगामा

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के नवीन मंडी स्थल पर सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं को क्रय किया जा रहा था जो कि 22 तारीख तक था लेकिन कुछ किसानों का गेहूं सरकारी केंद्र पर बिकने से रह गया जो कि किसान अपनी ट्रॉलीओ में गेहूं को बोरे में रखकर नवीन मंडी स्थल पहुंचे जहां पर उनका गेहूं क्रय करने से मना कर दिया वहां पर बताया गया कि गेहूं क्रय केंद्र पर अब ऊपरी आदेश के अनुसार करे नहीं किया जाएगा जिसमें आए किसानों और सरकारी केंद्र पर मौजूद लिपिक की बीच नोकझोंक भी हुई वही किसानों ने इसको लेकर महावीर चौक पर धरना दे दिया और ट्रॉलीओ को जिलाधिकारी कार्यालय पर ले जाने लगे जो कि पुलिस और प्रशासन ने रोक दिया जिसके बाद किसान अपनी ट्रॉली लेकर महावीर चौक पर ही बैठ गए अधिकारियों के



साथ लंबी वार्ता के बाद भी किसान मानने को तैयार नहीं हुए लेकिन बाद में सिटी मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर सीओ सिटी एडीएम ई और एसपी सिटी और अन्य पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने अपनी ट्रॉली हटाई किसानों द्वारा कहा गया कि कुछ सरकारी अमला जानबूझकर दलालों के साथ मिलकर ऐसा कार्य कराने में लगा है प्रशासन ने जांच करा कर कार्यवाही की बात कही।

# बड़े हर्षोल्लास के साथ हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा जानसठ स्थित मोहल्ला मंगल बाजार मैं शिव मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री अनूप ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया शिवाजी महाराज ने अखंड भारत और हिंदू साम्राज्य का सपना देखा तथा उसे पूर्ण करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया ! छत्रपति शिवाजी महाराज को इतिहास के बहादुर, बुद्धिमान, शौर्य से पूर्ण और महान राजा के रूप में पूजा तथा जाना जाता है। शिवाजी महाराज के शासन में आम जनता को न्याय मिला और यही कारण है कि आज भी उन्हें जनता का राजा कहा जाता है। महाराष्ट्र में तो उनकी आज भी पूजा होती है। शिवाजी पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है। सन 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ और वह छ्त्रपतिष बने। बहुत से लोग इन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग इन्हें मराठा गौरव कहते हैं। अंत में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत राजवंशी ने अपने विचार रखते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के दिन आज पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। भारतीय इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षर में शिवाजी महाराज की गौरव गाथा दर्ज है। वे एक महान योद्धा थे। उन्होंने अपने शौर्य, पराक्रम और कुशल युद्धनीति के चलते मुगल साम्राज्य के छक्के छुड़ा दिए थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे।जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत राजवंशी सहित अनिल कुमार सिंघल जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, नगर पंचायत सभासदपति विकास गुप्ता बृजेश कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष, गौरव, नितिन कुमार, राकेश वालिया, रामपाल गुप्ता, मुकेश शर्मा, अंकुर राजवंशी, हेमंत कुमार शर्मा बजरंग दल संयोजक, प्रखंड पालक अजय, अतुल गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा ''सामान्य सुविधा केन्द्र योजना'' सीएफसी का किया ऑनलाईन शिलान्यास

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उपायुक्त उघोग ने बताया कि लोन मेला अभियान कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में स्थित एनआई के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में किया गया। जनपद मुजफ्फरनगर में आत्मनिर्भर रोजगार एवं ऋण वितरण मेला के अन्तर्गत जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, तथा जनपद के चिन्हित ओडीओपी गुड़ उत्पाद के श्री अब्दुल वाहब, मौ0 फरीद, एवं आलिम, लाभार्थियों को रू0 21.00 लाख का वितरण चौक एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रशिक्षण के अन्तर्गत शिवकुमार, एव कपिल कुमार को टूल किट का एवं प्रमाण पत्र का वितरण विधायक, बुढाना उमेश मलिक एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा किया गया। साथ ही सामान्य सुविधा केन्द्र योजना'' सीएफसी हेतु चयनित मै0 बधाई एग्रीबिजनिस प्रोड्यूसर कम्पनी लि, मुजफ्फरनगर का भी ऑन लाईन शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर अरविन्द मलिक, निदेशक, सीएफसी, राजीव मलिक, एवं मुकेश देवराज, द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रोजेक्ट जनपद में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जिसकी स्वी त धनराशि रू0 510.10 लाख है। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अधिकारी श्री एसएल अग्रवाल, द्वारा अपने विभाग की 02 योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना में श्री अर्जुन कुमार को एवं प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री आलमगीर को कुल रू0 12.25 लाख का चौक वितरित कराया गया। इसके अतिरिक्त लोन मेला कार्यक्रम एनआईसी में आलोक यादव, मुख्य विकास अधिकारी, परमहंस मौर्य, उपायुक्त उद्योग, राजेश चौधरी जिला अग्रणी प्रबन्धक एवं ईवाई संस्था के प्रतिनिधि श्री अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन: 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।